# Wildlife Management Plan

# Soil and Moisture Conservation Plan

**Project:** Chaturkot Kafalta Motor Road (FP/UK/ROAD/45918/2020)

**Total Project Cost –** 74.30 lac

**Wildlife Management Plan and**

**Soil and Moisture Conservation Plan Cost –** 1.50 lac

वर्ष – 2024–25
रेंज – बूम वन क्षेत्र
चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।
वन विभाग, उत्तराखण्ड।

## संक्षिप्तं परिचय

चम्पावत वन प्रभाग के अन्तर्गत चीड़, बॉज एवं साल तथा इनकी सहचरी प्रजातियों के वन पाये जाते हैं। जैविक दबाव में निरन्तर वृद्धि तथा प्रतिवर्ष होने वाले अग्निकाण्डों के कारण वनों में चारण योग्य प्रजातियों के वृक्षों एवं घासों में निरन्तर कमी आ रही है तथा पुराने जल स्त्रोतो मे भी पानी की कमी एवं सूखने की स्थिति उत्पन्न हो गयी है जिसके फलस्वरूप जिस कारण वन्य जीवों के प्राकृतवास की गुणवत्ता में भी गिरावट आ रही है। प्रभाग में वन क्षेत्रों की विविधता के कारण वनों में हाथी, बाघ, तेन्दुआ, सियार लोमड़ी स्लौथ वियर, हिमालयन काला भालू आदि विविध प्रजाति के प्रमुख वन्य जीव प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। इस वन प्रभाग के अन्तर्गत दोगाड़ी रेंज तथा बूम रेंज के मैदानी क्षेत्र में जंगली हाथियों के झुण्ड सामान्यतः दिखायी देते हैं तथा उनके द्वारा आबादी क्षेत्रों मे फसलो का नष्ट करने की घटनाएॅ होती रहती है। वर्ष 2018 में हुई टाइगर गणना मे इन दोनों रेंजों के अन्तर्गत 09 बाघ पाये जाने की पुष्टि हुई है। भारत सरकार द्वारा हाथियों की उपस्थिति को देखते हुए बूम एवं दोगाड़ी रेंजों के 148.78 वर्ग किमी. क्षेत्र को एलिफेंट रिजर्व के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है। उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए प्रभाग के अन्तर्गत बूम एवं दोगाड़ी रेंजों में वन्य जीवों के प्राकृत वास स्थलों का प्रबन्धन किया जाना आवश्यक है।

### उपचार हेतु प्रस्तावित क्षेत्रों का विवरणः–

प्रभाग की बूम रेंज की निम्न बीट हाथी, बाघ तेंदुआ एवं अन्य वन्य जीवों के प्राकृत वास स्थल है जिनका प्रबन्धन किया जाना आवश्यक है। जिसमे से उपचार हेतु निम्न स्थल चयन किया जा रहा है।

**उपचार हेतु चयनित स्थल –** कलसनदेव क0 5, बूम रेंज,



वन्य जीवो के वास स्थल बूग रेंज

**प्रस्तावित गतिविधियॉ:—** वन्यजीवों के प्राकृत वास स्थलों में उनके जीवन के समग्र विकास के लिए अपेक्षित स्थान, भोजन, जल एवं अन्य महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु निम्न कार्य प्रस्तावित किये जा रहे हैं:—

**1— पानी की व्यवस्था:—** बूम रेंज अंतर्गत मुख्य रूप से हाथी, बाघ, तेन्दुआ के वास स्थल विद्यमान है। इन रेंजों के वन क्षेत्रों में पाये जाने वाले जल स्त्रोंतों में पानी की मात्रा कम होती जा रही है तथा पुराने स्त्रोत सूखने के कगार पर आ गये हैं। विशेष रूप से गर्मियों मे पानी की कमी हो जाती है तथा मुख्य नदी एवं नालों मे ही पानी रह जाता है जिसके फलस्वरूप इन वन्य जीवों को पानी की तलाश में जगह—जगह विचरण करना पड़ता है तथा वे आबादी के क्षेत्रों को रुख करते है। वन्य जीवों के लिए जगह—जगह पर सदैव पानी की उपलब्धता हेतु छोटे तालाब जैसे चाल—खाल, पुराने तालाबों का सुदृढ़ीकरण, जल स्त्रोंतों का उपचार तथा छोटे वाटर हार्वेस्टिंग टैंक बनाकर भी वर्षा जल का संचय किया जाना आवश्यक है। अतः उक्त कार्यों को इस परियोजना में प्रस्तावित किया जा रहा है।

**2— वन्य जीवों के आहार की उपलब्धता में वृद्धि:—** शाकाहारी वन्य जीवों के आहार की उपलब्धता में वृद्धि होने से इनकी संख्या में वृद्धि होती है तथा प्रकरान्तर में मांसाहारी जीवों की आहार उपलब्धता में वृद्धि होती है। प्राकृत वास में शाकाहारी जीवों के आहार मे उपलब्धता मे वृद्धि के लिए प्राकृतिक चारा घासों को नुकसान पहुचाने वाली खरपतवार के फैलाव को रोकने हेतु लैन्टाना एवं काला बासा का उन्मूलन कर उक्त क्षेत्रों मे जल संग्रहण हेतु चाल—खाल निर्माण कार्य प्रस्तावित किया जा रहा है।

# Wild Life Management Plan

# Soil and Moisture Conservation Plan

**Project-** Chaturkot Kafalta Motar Road (FP/UK/ROAD/45918/2020)

**Total project Cost –** 74.30 lac

**Cost of Wildlife Management Plan and Soil and Moisture Conservation Plan** - As per letter no. of MOEFCC GOI New Delhi FC-11/43/2021 Dated 16-01-2023, in respect of linear project the stipulated norms of 2 percent and 0.5 percent towards the cost of Wildlife Management Plan and Soil and Moisture conservation plan as provided in the Ministry's guideline dated 08-06-2022, will be proportionate to extent to forest land involved instead of total project cost or actual cost of implementation of such plans, whichever is more should be charged from user agency.

Total land involved in the project - 4.470 ha.

Total forest land involved in the project - 3.455 ha.

Cost of the Wildlife Management Plan and

Soil and Moisture Conservation Plan

(2.5% of project cost involving forest land) – 1.50 lac

# भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य तालिका

| क्र.सं. | कार्यों का विवरण | ईकाई | मात्रा | दर | अभ्युक्ति | | एस.ओ.आर. क.सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | भौतिक | वित्तीय (लाख मे) | |
| 1 | चाल खाल निर्माण | सं0 | 5 | 5000.00 | 5 | 0.25 | 4.4 |
| 2 | कालाबांसा / लैन्टाना उन्मूलन (प्रथम वर्ष) | है0 | 5 | 12493.00 | 5 | 0.62 | 7.1.1 |
| 3 | कालाबांसा / लैन्टाना उन्मूलन (द्वितीय वर्ष) | है0 | 5 | 4123.00 | 5 | 0.20 | 7.1.3 |
| 4 | कालाबांसा / लैन्टाना उन्मूलन (तृतीस वर्ष) | है0 | 5 | 1249.00 | 5 | 0.06 | 7.1.5 |
| 4 | अन्य महत्वपूर्ण कार्य / आकस्मिक व्यय (वनाग्नि सुरक्षा आदि) | - | - | - | 1 | 0.37 | |
| | **कुल योग** | - | - | - | - | **1.50** | |

वन क्षेत्राधिकारी,
बूम रेंज,

उप प्रभागीय वनाधिकारी
चम्पावत

प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।